दिन–रविवार दिनांक– 11/08/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में उच्च पैदावार, जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त वाली फसलों की एक सौ नौ किस्में जारी कीं। ये किस्में पैसठ फसलों की हैं, जो खेती और बागवानी फसलें हैं। खेत फसलों में बाजरा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास और अन्य फसलों के बीज शामिल हैं। बागवानी फसलों में फल, सब्जी, कंदमूल, मसाले, फूल और औषधि पौधों के बीज हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी की। नई फसल किस्मों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इनसे कृषि में मूल्यवर्धन होगा। इस दौरान किसानों ने कहा कि नई किस्मों से उनके खर्चों में कमी आएगी और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पडेगा।

पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का कल हरियाणा के गुरुग्राम में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे तिरानवे वर्ष के थे। उन्हें वर्ष उन्नीस सौ चौरासी में पदम भूषण से सम्मानित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। श्री मोदी ने कहा कि श्री सिंह ने विदेश नीति और वैश्विक कूटनीति में समृद्ध योगदान दिया। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है।

आज शहादत दिवस है। वर्ष उन्नीस सौ बयालीस में अगस्त क्रांति के दौरान प्रदेश के सात विद्यार्थियों ने शहादत देकर पटना सचिवालय पर तिरंगा लहराया था। इन सात शहीदों की याद में आज पटना स्थित शहीद स्मारक पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। वहीं, शहीद खुदीराम बोस की शहादत की याद में आज मुजफ्फरपुर स्थित केंद्रीय कारा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गोपाल मीणा, पुलिस

महानिरीक्षक शिवदीप लांडे, जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन और बंगाल के मिदनापुर से आये कई लोगों ने अमर शहीद की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट–पीजी दो हजार चौबीस की परीक्षा आज आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड कंप्यूटर आधारित इस परीक्षा को दो पालियों में संपन्न करा रहा है। इस प्रवेश परीक्षा में दो लाख से अधिक छात्र बैठ रहे हैं। यह परीक्षा जून में अपने निर्धारित समय से एक दिन पहले टाल दी गई थी।

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के चलते गंगा, गंडक और कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार, गंगा नदी पटना के दीघा और गांधी घाट तथा हाथीदह में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। आयोग ने आज जलस्तर के और बढ़ने की सम्भावना जतायी है। वहीं, भागलपुर के कहलगांव में भी गंगा नदी खतरे के निशान से पन्द्रह सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। बेगूसराय में गंगा नदी के जलस्तर बढ़ने से बछवारा, तेघड़ा, बरौनी समेत कई प्रखंड़ों में बाढ़ का पानी फैलने लगा है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। सोन नदी का जलस्तर पटना के मनेर में खतरे के निशान के पास बना हुआ है। गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट में, बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में, कमला बलान मधुबनी के झंझारपुर में और परमान नदी अररिया में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बागमती नदी का जलस्तर सीतामढ़ी के ढेंगब्रिज, रून्नीसैदपुर और मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान को पार कर गया है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में तथा कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान से ऊपर है।

मानसून की सक्रियता से राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर, बांका और भागलपुर जिलों के एक या दो स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है। वहीं, कैमूर और रोहतास जिले के एक दो स्थानों पर बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्व, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–पूर्व भागों के एक दो स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।